तापमान

अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, बुधवार, 4 जून, 2025



9 सीवरेज चैंबर ऊंचा उठाने पर सैनियान मोहल्ला में...





10 भाटला सामाजिक बहिष्कार प्रकरण की...




## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**हिसार।** गंगवा बाइपास के पुल के पास एक ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर से हुए हादसे में गांव गोरछी निवासी एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गोरछी के 21 वर्षीय आशीष के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव गोरछी के कुलदीप सिंह ने बताया कि वह एचकेआरएन के तहत हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कार्यरत है।

### हत्या का प्रयास करने के आरोपी बाप-बेटा गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस ने जमीनी विवाद में देवा निवासी राममेहर और उसके परिजनों पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाने के मामले में देवा निवासी प्रहलाद और उसके बेटे परमजीत को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उनको जेल भेज दिया गया। एएसआई सिकंदर ने बताया कि गत 27 मई को गांव देवा निवासी राममेहर ने अपने भाई प्रहलाद और उसके बेटे परमजीत के खिलाफ जान से मारने की नीयत से गोली चलाने व झगड़ा कर चोटें मारने के बारे में शिकायत दी।

### शिक्षा सदन प्रशासन से कर्मचारी परेशान

**हिसार।** शिक्षा विभाग में काम करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मी, मिनिस्ट्रियल स्टाफ और अध्यापक वर्ग में सरकार और शिक्षा सदन आला अधिकारियों की नीतियों को लेकर भारी रोष है। इसके चलते सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ , हरियाणा चतुर्थ श्रेणी राज्य सरकारी कर्मचारी यूनियन 492 और हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन ने 5 जून को शिक्षा सदन पंचकूला पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

### पूर्व मुख्यमंत्री की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर लगाया

**आदमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी भजनलाल की पुण्यतिथि पर मंगलवार को जंभेश्वर धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उनके बेटे एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने किया। इस अवसर पर समर्थकों व 280 लोगों ने रक्तदान किया।

### आईटीआई में दाखिले के लिए 6 से होगी प्रक्रिया

**नारनौंद।** हरियाणा कौशल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने आईटीआई में दाखिला प्रकिया का शेड्यूल जारी कर दिया है विद्यार्थी 6 जून से 20 जून तक विभागीय वेबसाइट दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दाखिले से सम्बन्धित दिशा-निर्देश उपरोक्त विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे।

### उपडाकघर में आधार अपडेशन का कार्य आरंभ

**बरवाला।** बरवाला शहर के उपमंडल प्रशासनिक कैम्पलक्स में स्थित उपडाकघर में आधार कार्ड बनाने के साथ-साथ आधार कार्ड अपडेट भी किए जा रहे हैं। पोस्टमास्टर कुलदीप कुंडू ने बताया कि आमजन किसी भी कार्य दिवस पर उपडाकघर में आकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं ।

### बुजुर्ग व्यक्ति की जेब से एक लाख रुपये चोरी

**हांसी।** एचएसवीपी सेक्टर -6 में 65 वर्षीय बुजुर्ग की जेब से एक लाख रुपये निकाल लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़ित थुराना निवासी होशियार सिंह ने इस संदर्भ में अनाज मंडी चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने होशियार सिंह की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में होशियार सिंह बताया कि उसने सोमवार सुबह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया थुराना की शाखा से 3.50 लाख रुपये निकाले थे।

# नौतपा में नहीं दिखा अपेक्षा के अनुरूप गर्मी का प्रकोप

## पशिचमी विक्षोभ ने नौतपा को किया ठंडा, आमजन को गर्मी से रही राहत

- अधिकतम तापमान अधिकांश दिनों में 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास
- पश्चिमी विक्षोभ ने इन दिनों को काफी हद तक ठंडा कर दिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार





नौतपा में इस बार गर्मी का प्रकोप अपेक्षा के अनुरूप नहीं देखा गया। आमतौर पर नौतपा के नौ दिन सबसे अधिक तापमान वाले माने जाते हैं, लेकिन इस बार पश्चिमी विक्षोभ ने इन दिनों को काफी हद तक ठंडा कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार, इस वर्ष हिसार व आसपास के इलाकों में नौतपा के दौरान न तो लू सक्रिय हो पाई और न ही पारा पुराने रिकॉर्ड्स को छू पाया। यह बदलाव आमजन को गर्मी से राहत देने वाला साबित हुआ। बीते वर्षों में जहां नौतपा के दिनों में तापमान 44 से 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता था, वहीं इस बार अधिकतम तापमान अधिकांश दिनों में 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। नौतपा के दौरान 29 मई को दिन का पारा 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, बाकि दिनों पारा इससे नीचे ही रहा। उधर, मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते राज्य के अधिकांश भागों में अगले 48 घंटे के दौरान तीव्र आंधी-बारिश गतिविधियां दर्ज होने की प्रबल संभावना है। इसको लेकर आईएमडी ने येलो अलर्ट भी जारी कर दिया है।

### पशिचमी विक्षोभ ने नौतपा को धोया

पश्चिमी विक्षोक्ष ने नौतपा के तेवर को इस बार ढीले किए रखा। गत 25 मई को नौतपा की शुरुआत थी और पहले दिन ही नौतपा की हेकड़ी निकल गई। नौतपा से पहली की रात तेज अधड़ के साथ हिसार व आसपास के क्षेत्रों में करीब 73 मिलीमीटर बारिश हुई और उसका असर यह हुआ कि अगले दिन अधिकतम पारा लुढ़क कर 31 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रियता के कारण बादलवाई तथा बारिश से वातावरण में नमी बनी रही और नौतपा में तीखी गर्मी महसूस नहीं की गई। उसके बाद अधिकतम पारा धीरे-धीरे बढ़ते हुए 29 मई तक 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, लेकिन फिर से पश्चिमी विक्षोभ के कारण हिसार व आसपस के क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ ही हल्की बारिश ने नौतपा के तेवर को फिर से ढीला कर दिया और दिन का पारा नीचे गिरने लगा। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो नौतपा में इस बार का मौसम चक्र कुछ असामान्य रहा है। पश्चिमी विक्षोभ मई-जून के समय कम ही सक्रिय होता है, लेकिन इस बार इसके प्रभाव से न केवल तापमान में गिरावट आई, बल्कि लू की स्थिति भी नहीं बन पाई। नौतपा के अंतिम दिन 2 जून को अधिकतम पारा 35.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### नौतपा में हिसार का अधिकतम तापमान

| तारीख | दिन का पारा |
|---|---|
| 25 मई | 31.3 |
| 26 मई | 35.0 |
| 27 मई | 37.8 |
| 28 मई | 39.0 |
| 29 मई | 41.0 |
| 30 मई | 36.0 |
| 31 मई | 40.0 |
| 1 जून | 36.1 |
| 2 जून | 35.5 |

## बरवाला में चोर हुए बेखौफ, पुलिस की नाक के नीचे चोरी

# पुलिस स्टेशन से कुछ दूरी पर ही एक साथ तीन दुकानों के ताले चटकाए

हजारों रुपये की नकदी की चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला



### लोहे की रॉड से अल्मारी तोड़ता दिखा आरोपी

चौधरी ट्रेडिंग कॉरपोरेशन में चोरी की यह घटना दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के अनुसार चोर इस दुकान में मुंह ढापे अपने हाथ में लिए हुए लोहे के औजार से अलमारी के ताले तोड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। इन दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से इन चोरी की घटनाओं का यथाशीघ्र सुराग लगवाएं जाने और रात्रि को पुलिस की गश्त में और अधिक तेजी लाए जाने की मांग की है ताकि बरवाला शहर में हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सके।

मंडी मार्ग पर स्थित एक साथ तीन दुकानों के अज्ञात चोर ताले तोड़कर हजारों रुपए की नकदी की चोरी करके फरार हो गया है। पुलिस ने सूचना पाते ही मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया और दुकानदारों से चोरी की इन घटनाओं के बारे में जानकारी लेकर कार्रवाई आरंभ कर दी। काबिलेगौर है कि ये तीन दुकाने पुलिस स्टेशन से थोड़ी सी दूरी पर ही स्थित है। मोहित ट्रेडिंग कंपनी खाद बीज के दुकानदार वार्ड नंबर 17 निवासी विजय कुमार ने बताया कि वह सोमवार देर शाम लगभग साढ़े 8 बजे अपनी दुकान को ताले वगैरह लगाकर घर चला गया था। मंगलवार प्रातः साढ़े 8 बजे दुकान पर आया तो दुकान का ताला टूटा मिला और गल्ले में रखी लगभग साढ़े 4 हजार रुपये की नकदी की चोरी हुई पाई गई। चोर ने नकदी के अलावा दुकान के किसी भी सामान की चोरी नहीं की। इस दौरान अज्ञात चोरों ने साथ लगती गोयल बीज भंडार की दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। अज्ञात चोर ने इस दुकान का साथ लगती गली में लगे शटर का ताला तोड़ने के साथ-साथ शटर का कुंडा तोड़कर चोरी की। दुकानदार वार्ड नंबर 13 निवासी मुकेश गोयल ने बताया कि चोर उसकी दुकान में से गल्ले में रखी 6 से 7 हजार रुपये की नकदी की चोरी करके ले गया। चोरी की तीसरी घटना में अज्ञात चोर ने चौधरी ट्रेडिंग कॉरपोरेशन के शटर का ताला तोड़कर दुकान के अंदर घुसकर अपने हाथ में लिए हुए लोहे के औजार से अलमारी के ताले तोड़े। दुकानदार वार्ड नंबर 12 निवासी जगदीश ने बताया कि चोरी करने के लिए चोर ने दुकान के सामान को खूब बिखेरा परंतु चोर को इस दुकान में से किसी प्रकार की नकदी हाथ नहीं लगी। चोर इस दुकान में से किसी प्रकार की चोरी को करने में कामयाब नहीं हो पाया।

## आईजी कार्यालय में लापता बेटे का तलाशने की लगाई गुहार

# लेटर में लापता बेटे का नाम देख पीड़ित पिता पहुंचा हिसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

### 11 अक्टूबर 2019 से लापता है बेटा

बाद में रेवाड़ी निवासी रितेश गुलाटी ने बताया कि मेरा बेटा 11 अक्टूबर 2019 से लापता है। यहां के मंदिर में मिले लेटर में 100 बच्चों के अपहरण की बात कही गई थी। जिन बच्चों के अपहरण की बात की गई थी, उसमें उसके बेटे के नाम का भी जिक्र है। लेटर में 100 बच्चों का अपहरण कर उन्हें पाकिस्तान व दुबई भेजने की बात लिखा गई थी। इस मामले में पुलिस ने रितेश गुलाटी को सहयोग का आश्वासन दिया है। उधर, लेटर में जिन लोगों के नाम हैं, उनके बारे में पुलिस लगातार जानकारी जुटाने में लगी है।

रेड स्क्वेयर मार्केट स्थित शिव मंदिर में आईजी कार्यालय के नाम मिले लेटर के मामले में नया मोड़ आया है। करीब छह साल पहले लापता बेटे का नाम लेटर में लिखे होने की सूचना के बाद रेवाड़ी के रहने वाले रितेश गुलाटी मंगलवार की दोपहर आईजी कार्यालय पहुंचे। रितेश गुलाटी ने अपने लापता बेटे की तलाश के लिए गुहार लगाते हुए लेटर को लेकर पुलिस द्वारा की जा रही जांच के बारे में जानकारी ली। बता दें कि गत 30 मई को शुक्रवार सुबह शिव मंदिर के पुजारी सुरेश ने रोजाना की तरह मंदिर के स्टील के कंपाट खोले तो एक खाकी रंग का लिफाफा मिला था। शुरू में उन्हें लगा कि किसी ने मन्नत मांगी होगी। साफ-सफाई करने के दौरान लेटर देखा तो इस पर आईजी आफिसर हिसार लिखा था। खाकी रंग के लिफाफे में कापी के चार पेज थे। जिन पर नीले रंग के बाल पेन से ढाई पेज पर लिखा हुआ था। लेटर लिखने वाले ने अपनी व अपने परिवार की जान का खतरा बताते हुए लिखा कि लोगों को अगवा करने वाले गिरोह से खतरा है।



## विश्व साइकलिंग डे पर हिसार रोडीज ने निकाली 25 किमी की साइकिल यात्रा

**हिसार।** विश्व साइकिलिंग डे के अवसर पर हिसार रोडीज साइक्लिंग क्लब द्वारा एक विशेष साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। यह 25 किलोमीटर लंबी सवारी राजगढ़ रेड लाइट से शुरू होकर हाउसिंग बोर्ड, फव्वारा चौक होते हुए जिंदल चौक तक सम्पन्न हुई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश देना था। इस राइड में क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों में अरुण, अंकित, गौरव, निशांत, तुषार, मनोज, आदित्य, राज चहल, राजकुमार, ललित, सुभाष, पवन, दिव्युम, नरेंद्र रोहिल्ला, थियो सर, नीरव जैन और मनीष मोंड शामिल रहे। सभी ने सुबह के समय प्राकृतिक वातावरण में साइकिलिंग का आनंद लेते हुए हेल्थ और हेल्दी एनवायरनमेंट का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

### निगम ने 15 दुकानदारों के काटे चालान

**हिसार।** स्वच्छता पखवाड़े के तहत मंगलवार को चेकिंग के दौरान नगर निगम की स्वच्छता शाखा की टीम ने पटेल नगर सब्जी मंडी, तेलियान पुल रेहड़ी मार्केट, नई सब्जी मंडी, बरवाला रोड़, लाहौरिया चैक के आस-पास के क्षेत्र में 15 दुकानदारों के सिंगल यूज प्लास्टिक के चालान किए। इस दौरान टीम ने प्लास्टिक के पॉलीथीन न प्रयोग करने के प्रति दुकानदार को जागरूक करते हुए दुकानदारों को 200 कपड़े के थैले वितरित किए। इस दौरान सीएसआई राजकुमार, एएसआई राहुल सैनी, एएसआई कपिल, तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू मौजूद रहे।

# 12 पंजीकृत केंद्रों का पंजीकरण रद

- डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पीसी-पीएनडीटी समीक्षा बैठक आयोजित
- कम लिंगानुपात वाले गांवों से संबंधित एसएमओ को शोकॉज नोटिस थमाए : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** जिला स्तरीय पीसी-पीएनडीटी समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अनीश यादव। *फोटो: हरिभूमि*

उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी और एमटीपी एक्ट की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम और बेहतर लिंगानुपात के लिए किए गए प्रभावी कदमों की समीक्षा की गई। उपायुक्त अनीश यादव ने निर्देश दिए कि कम लिंगानुपात वाले गांवों से संबंधित एसएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। स्वास्थ्य अधिकारी प्रत्येक सप्ताह एएनएम और आशा वर्करों के साथ नियमित बैठकें आयोजित करें। सभी एएनसी मामलों में 100 प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएं। बैठक में उपायुक्त को अवगत कराया गया कि अप्रैल माह में आजाद नगर थाना और हांसी में एमटीपी एक्ट के तहत दो एफआईआर दर्ज की गईं थी। मई माह में 30 एमटीपी केंद्रों और 42 पीसी-पीएनडीटी केंद्रों की संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

# सफाई कर्मचारियों ने झाड़ू उल्टे कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



**हांसी।** हाथों में झाड़ू लेकर प्रदर्शन करती महिला सफाई कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

शहर ठेकेदार के तहत सफाई का काम करनी वाली महिला सफाई कर्मचारियों ने वेतन की मांग को लेकर मंगलवार दोपहर नगर परिषद कार्यालय के समक्ष धरना दिया और झाड़ू उल्टा कर प्रदर्शन करते हुए परिषद प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रही महिला सफाई कर्मचारियों ने कहा कि ठेकेदार द्वारा पिछले चार महीनों से वेतन नहीं दिए जाने के चलते उन्हें अब घर खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। प्रदर्शनकारी महिलाओं चेतावनी दी कि जब तक उन्हें वेतन नहीं मिलता, तब तक वे ना तो खुद सफाई करेंगी और न ही किसी और सफाई कर्मचारी को सफाई करने देंगी। सफाई कर्मचारियों ने नगर परिषद कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए कहा कि पहले भी एक ठेकेदार उनका कई महीनों के वेतन को जब्त कर गया था। महिलाओं ने आरोप लगाया कि इस ठेकेदार ने भी अब अपना फोन बंद कर लिया है। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनके बकाया वेतन नहीं भुगतान नहीं किया जाता तब तक वो दोबारा काम शुरू नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में शामिल एक महिला सफाईकर्मी ने कहा, चार महीने से वेतन नहीं मिला, जिसके चलते घर में राशन नहीं है, बच्चों की फीस नहीं दे पा रहे। अब अगर वेतन नहीं मिला तो वो ना तो खुद सफाई करेंगे, और ना ही किसी ओर को करने देंगे।

### ठेकेदार की है वेतन भुगतान की जिम्मेदारी

इस मामले में जब नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) सुरेश चौहान से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हमने यह कार्य एक ठेकेदार को दे रखा है। वेतन भुगतान की जिम्मेदारी उसी ठेकेदार की है। नगर परिषद का इसमें सीधा कोई रोल नहीं है। हालांकि, शहर में सफाई कार्य प्रभावित होने पर नगर परिषद ने ठेकेदार पर 75,000 का जुर्माना लगाया।

# ऑटो मार्केट में दुकानदार व ग्राहकों पर किया हमला

- हथियारों से लैस 20-25 युवकों ने गाड़ियों को किया क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

ऑटो मार्केट फेज 3 में मंगलवार की दोपहर में हथियार से लैस युवकों ने एक दुकानदार और 3-4 ग्राहकों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस दौरान हमलावरों ने आसपास में खड़ी आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों को क्षतिग्रस्त भी कर दिया। इसके बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। आरोप है कि हमलावर बंदूक, छुरी व बेसवॉल के डंडे लिए हुए थे। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और छानबीन में जुट गई। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है। उपचारधीन मनोज कुमार ने बताया कि वह खाना खाने के बाद दुकान पर बैठा था। इस दौरान 20-25 लड़के हथियारों से लैस होकर आए और हमला कर दिया। हमलावरों सामने आया जो भी आया उन पर हमला कर दिया। इस कारण कई ग्राहकों को भी चोटें आई है। हमलावरों ने आसपास में खड़ी गाड़ियों के शीशे भी तोड़ दिए। दुकानदार वहां जमा होने लगे तो हमलावर मौके से फरार हो गया।

## नगर निगम के समर कैंप में कम्पोस्ट खाद बनाना सीखा

# कैंप में नेचुरल क्लीनर बनाने के सिखाए गुर

- वेस्ट टू बेस्ट समर कैम्प के दूसरे दिन प्रतिभागियों व मौजूद सभी को नेचुरल क्लीनर बनाने के बारे में सिखाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार





**हिसार।** प्रतिभागियों को सम्मानित करती अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल व अन्य।

नगर निगम के द्वारा अर्बन एस्टेट 2 के कम्युनिटी सेंटर में वेस्ट टू बेस्ट पर समर कैम्प दूसरे दिन भी जारी रहा। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, सचिव राहुल सैनी, पार्षद संजय डालमिया, पार्षद जगमोहन मित्तल, पार्षद डॉ. सुमन यादव, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुंडू, रवि सिंधवानी मौजूद रहे। इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने मौजूद सभी को खाद व पौधे वितरित किए। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि इन पौधों को जहां भी लगा उसकी पूरी तरह देखभाल भी करे। समय-समय पानी व खाद डालते रहे।

### डॉ. कालड़ा ने सिखाया कम्पोस्ट खाद बनाना

वेस्ट टू बेस्ट समर कैम्प के दौरान डॉ. सतीश कालड़ा ने बच्चों व मौजूद सभी कम्पोस्ट खाद बनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घर में रसोई से निकलने वाले सब्जी व फल के छिलको, सफाई के बाद निकलने वाली मिट्टी तैयार खाद और बची हुई सब्जी या खाने को डस्टबिन में डाले इसके लिए तीन डस्टबिन लगाए जिनको समय-समय पर गीले कचरे को बदलते रहे। इस तरह करीब 3 महीने में आपकी कम्पोस्ट खाद तैयार हो जाएगी।

### ऐसे बनाए नेचुरल क्लीनर

वेस्ट टू बेस्ट समर कैम्प के दूसरे दिन प्रतिभागियों व मौजूद सभी को नेचुरल क्लीनर बनाने के बारे में सिखाया गया। पंकज चड्ढा के द्वारा मौजूद बच्चों व सभी को नेचुरल क्लीनर बनाने की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा सभी से उन्होंने नेचुरल बनाने की प्रक्रिया करवाई भी। उन्होंने बताया कि मौसमी की छिलके या नींबू के छिलके व गुड़ तथा पानी का इस्तेमाल करके हम 1 महीने की समय अवधि में नेचुरल क्लीनर बना सकते है। जिसका प्रयोग घरों में फर्श साफ करते समय या शौचालयों की सफाई के प्रयोग में लाया जा सकता है।



# खतरनाक अंदाज में दिखे राजकुमार राव

**मुंबई।** राजकुमार राव की एक्शन फिल्म मालिक का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में राजकुमार खून बहाते नजर आए हैं। अलग-अलग किरदारों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाले राजकुमार राव अब फुल एक्शन मोड में मालिक बनकर आ रहे हैं। टीजर में राजकुमार राव के दो लुक दिखे हैं। एक में वो बड़ी दाढ़ी और बड़े बालों में नजर आ रहे हैं। जबकि एक लुक में वो बड़े बालों के साथ क्लीन शेव में दिख रहे हैं। मालिक के जरिए राजकुमार राव 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के साथ एक्शन जॉनर में लौटे हैं।1 मिनट 21 सेकेंड के इस टीजर में राजकुमार राव काफी खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। राजकुमार राव का ये खतरनाक अंदाज इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला है।

लाइफ Style

# धनश्री

## एक बार फिर प्यार करने के लिए हैं तैयार



हाल ही में कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल का तलाक हुआ है। तलाक के बाद युजवेंद्र चहल अपने कॅरियर पर फोकस कर रहे हैं, साथ ही अफवाहें हैं कि वह आरजे महवश को डेट कर रहे हैं। धनश्री वर्मा भी अपने कॅरियर पर फोकस कर रही हैं। हालांकि, वह अब प्यार की तलाश कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में धनश्री ने इस बात का खुलासा किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक बातचीत में धनश्री वर्मा ने अपने करियर और प्यार के बारे में बताया है। धनश्री वर्मा से पूछा गया कि क्या वह दोबारा प्यार करने के लिए तैयार हैं या अपने कॅरियर पर फोकस करने के बारे में सोच रही हैं? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि तलाक के बाद एक बार फिर प्यार करने के लिए तैयार हैं। बातचीत में धनश्री वर्मा ने कहा 'मैं हमेशा से अपने लक्ष्य पर ध्यान देती हूं। चाहे डेंटिस्ट के तौर पर मेरा काम हो या फिर अब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में मेरी चीजें हों। जब मैंने डांसिंग में अपना करियर बदला था, अपनी अकादमी खोली, कोरियोग्राफ करना शुरू किया, वायरल वीडियो बनाई, तब भी मेरा नजरिया इसी तरह का था।

मुझे लगता था कि मेरी क्लास बेस्ट होनी चाहिए। ये तभी हो सकता था जब मैं ध्यान से काम करूं।' धनश्री ने आगे कहा 'फिर से प्यार करने की बात करें तो आप इन चीजों को प्लान नहीं कर सकते। आप पहले से यह तय नहीं कर सकते कि मैं आज से एक साल बाद प्यार में पड़ूंगी। प्यार एक बहुत अलग चीज है। मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी ये है कि मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करना चाहती हूं। फिलहाल मैं अपने काम पर ध्यान दे रही हूं। मैं खुद को बेहतरीन तरीके से प्रेजेंट करने पर ध्यान दे रही हूं।' दोबारा प्यार करने के सवाल पर धनश्री ने कहा- 'नसीब में अच्छा लिखा है तो क्यों नहीं?

हॉलीवुड मसाला

## गोलियों से छलनी मिली जोनाथन जोस की लाश



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से एक चौंकाने वाली और दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अभिनेता और 'किंग ऑफ द हिल' में जॉन रेडकॉर्न की आवाज देने वाले जोनाथन जोस की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अमेरिका के सैन एंटोनियो शहर में हुई इस घटना ने फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री को झकझोर कर रख दिया है। 59 वर्षीय अभिनेता की मौत रविवार शाम को उस वक्त हुई जब उनका अपने पड़ोसी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपी ने गुस्से में आकर फायरिंग कर दी, जिसमें जोनाथन को कई गोलियां लगीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बता दें जोनाथन जोस का कॅरियर हॉलीवुड में बेहद सराहनीय रहा। उन्होंने एनिमेटेड सीरीज 'किंग ऑफ द हिल' के दूसरे सीजन से लेकर तेरहवें सीजन तक जॉन रेडकॉर्न की आवाज दी थी।



## रैपर डिडी पर पीड़िता ने लगाया गंभीर आरोप

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी म्यूजिक इंडस्ट्री के जाने-माने रैपर और बिजनेसमैन सीन 'डिडी' कॉम्ब्स इन दिनों यौन शोषण और मानव तस्करी के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। मामले की सुनवाई अमेरिका की एक संघीय अदालत में चल रही है, जहां अब डिडी की पूर्व पर्सनल असिस्टेंट ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। मिया का दावा है कि डिडी ने उनके साथ कई बार शारीरिक शोषण किया, लेकिन फिर भी उन्होंने सालों तक उन्हें भावनाओं में बहकर पॉजिटिव मैसेज भेजे। जब डिफेंस वकील ने इसे लेकर सवाल उठाया, तो मिया ने कहा कि वो उस समय 'ब्रेनवॉश' यानी मानसिक रूप से कंट्रोल में नहीं थीं। उन्होंने ये भी बताया कि डिडी के साथ काम करते समय उन्हें कभी बेहद खास और ऊंचे लम्हों का अहसास होता था, तो कभी बेहद अपमानजनक और डरावने अनुभव होते थे। वकील ब्रायन स्टील ने मिया से सवाल किए कि उन्होंने एक बार सपने में डिडी को खुद को रेस्क्यू करते देखा, जबकि वो वही व्यक्ति हैं जिन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। इस पर मिया का जवाब था कि उनका मानसिक संतुलन और भावनात्मक स्थिति उस समय इतनी उलझी हुई थी कि वो सही-गलत की पहचान खो चुकी थीं।



## सैयारा में लॉन्च हो रहे दो नए संगीतकार

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स की अगले महीने रिलीज होने जा रही फिल्म सैयारा का शीर्षक गाना मंगलवार को ऑन लाइन रिलीज हुआ तो लोगों न सिर्फ इसमें एक खनकती हुई नई आवाज सुनाई दी, बल्कि इस गाने ने यशराज फिल्म्स की संगीत परंपरा में भी एक नया और जोशीला अध्याय जोड़ने की कोशिश की। मोहित सूरी की मानें तो वह पिछले पांच साल से इस फिल्म के गानों पर मेहनत करते रहे हैं। 'सैयारा' के टाइटल ट्रैक के साथ दो प्रतिभाशाली कश्मीरी कलाकारों की भी हिंदी सिनेमा में एंट्री हो रही है। मोहित बताते हैं, इस ट्रैक के माध्यम से हम फहीम अब्दुल्ला और अर्सलान निजामी को लॉन्च कर रहे हैं। ये दोनों दो बेहद टैलेंटेड कंपोजर और सिंगर है। टाइटल गाने को तनिष्क बागची ने कम्पोज किया है, जिनका मैं आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे फहीम और अर्सलान से मिलवाया।



## धूम 4 को अयान मुखर्जी करेंगे निर्देशित

**मुंबई।** आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस धूम सीरीज की फिल्मों के डायरेक्टर बदले रहे हैं। पिछली फिल्मों को अलग-अलग निर्देशकों ने बनाया था। अब धूम 4 के लिए भी एक नए डायरेक्टर का नाम सामने आ रहा है। प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा और राइटर श्रीधर राघवन ने फिल्म 'धूम 4' की स्क्रिप्ट पर काम कर लिया है। यह जानकारी प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने साझा की है। इस फिल्म में रणबीर कपूर लीड रोल में होंगे। रणबीर कपूर के अलावा बाकी कास्टिंग पर अभी काम चल रहा है। इसी बीच अयान मुखर्जी का नाम फिल्म के डायरेक्टर के तौर पर सामने आया है। रणबीर कपूर और अयान मुखर्जी अच्छे दोस्त हैं। एक साथ कई फिल्में कर चुके हैं। इसमें वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र शामिल हैं। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं।

टीवी मसाला

## ड्रामा, गड़बड़ी और तबाही से अब मच गया है हंगामा



**मुंबई।** जब ताकतवर, गुस्सैल और खतरनाक राणा टकराता है शाना सुनील ग्रोवर से, तब होता है असली धमाका! एक ऐसा क्रॉसओवर जिसे किसी ने सोचा भी नहीं था, नेटफ्लिक्स ने एक मजेदार वीडियो रिलीज किया जिसमें राणा दग्गुबती और सुनील ग्रोवर साथ नजर आ रहे हैं और यह वीडियो पूरी तरह से हंगामाखेज है। राणा नायडू की अंधेरी, गंभीर और सख्त दुनिया में अचानक सुनील ग्रोवर की पागलपंती की जबरदस्त एंट्री हो जाती है। और राणा? वो तो बिल्कुल भी तैयार नहीं था। सुनील ग्रोवर, जो कभी भी चुपचाप एंट्री नहीं करते, उन्होंने कहा, 'राणा दग्गुबती और मैं एक ही फ्रेम में? मुझे भी यकीन नहीं हुआ। राणा नायडू की दुनिया बेहद गंभीर, जबरदस्त पॉवर मूव्स, पारिवारिक ड्रामा, एक्शन से भरी हुई है फिर मैं अपनी मस्ती और हंगामे के साथ उसमें एंट्री करता हूं। जैसे ही नेटफ्लिक्स ने मुझे ये आइडिया बताया, मुझे पता था कि यह एकदम पागलपन भरा, लेकिन मजेदार अनुभव होगा। जो कुछ हमने शूट किया वो वाकई में बेमिसाल, अनोखा और बहुत ज्यादा मजेदार था। ऐसा लग रहा था जैसे दो बिल्कुल अलग दुनिया आपस में टकरा रही हों और फिर हर चीज में मेल बैठ गया। राणा नायडू सीजन 2 ड्रामा तो लाएगा ही और साथ में थोड़ी सी पागलपंती भी!'

### विभू राघव के अंतिम संस्कार में पहुंचे सितारे

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी स्टार विभू राघव का दो जून को मुंबई में निधन हो गया है। वह 'निशा और उसके कजिन्स' के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। उनके निधन से पूरा टीवी जगत सदमे में है। एक्टर काफी दिनों से



कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका कैंसर चौथे स्टेज में पहुंच चुका था। अब उनका अंतिम संस्कार हुआ है। उनके अंतिम संस्कार पर कई टीवी स्टार पहुंचे हैं और उन्हें श्रद्धांजलि दी है। विभू राघव के अंतिम संस्कार के वक्त उनकी मां की हालत काफी बुरी रही। रो-रो कर उनका बुरा हाल है। उनकी फैमिली उनको संभालते हुए दिख रही है। उनके अंतिम संस्कार में नकुल मेहता, मोहित मलिक, मोहसिन खान, अनेरी वजानी और अंजलि आनंद पहुंचे। स्टार्स ने विभू को नम आंखों से विदाई दी। अभिनेत्री सौम्या टंडन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए विभू राघव को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा है 'मेरे खूबसूरत दोस्त विभू राघव अब फरिश्तों के साथ हैं। कल रात हमें छोड़कर चले गए। विभु तुम खूबसूरत थे। अंदर और बाहर से। तुमने मुझे सिखाया कि जब सब कुछ बिखर रहा हो, तब भी कैसे मुस्कुराना है। जब दुनिया में अंधेरा हो, तब कैसे रोशनी को थामे रखना है।

## धुरंधर के सेट से रणवीर-संजय का लीक हुआ वीडियो



**मुंबई।** रणवीर सिंह की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर से उनका और संजय दत्त का लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। रणवीर का यह लुक उनकी पुरानी फिल्म पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदार की याद दिलाता है। वहीं, संजय का लुक भी काफी दमदार नजर आया। मंगलवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'धुरंधर' का एक बिहाइंड-द-सीन वीडियो लीक हुआ है। इस वीडियो में रणवीर सिंह लंबे बाल और खास अंदाज में अपनी वैनिटी वैन से सेट की ओर जाते दिखे। उनका लुक कुछ-कुछ उनकी फिल्म 'पद्मावत' के किरदार खिलजी से मेल खाता नजर आया। वहीं, इसी वीडियो में संजय दत्त भी नजर आए। संजय सफेद पठानी कुर्ता और शॉल में खड़े दिखाई दिए। इस फिल्म में संजय दत्त और रणवीर सिंह के अलावा आर माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल भी नजर आएंगे। धुरंधर को उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के निर्देशक आदित्य धर बना रहे हैं। इस फिल्म की घोषणा जुलाई 2024 में की गई थी। रणवीर ने इस फिल्म की घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर लिखा था, यह मेरे फैंस के लिए है। यह एक खास सिनेमाई अनुभव होगा। इस बार, यह व्यक्तिगत है।

बड़ी खास थी वजह, रिजेक्ट हो चुके थे 105 गाने

## लता ने बाथरूम में गाया था 'जब प्यार किया तो डरना क्या'





**नई दिल्ली।** साल था 1960। थिएटर में एक फिल्म आई, जिसने हिंदी सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। नाम था – मुगल-ए-आजम। दिलीप कुमार, मधुबाला और पृथ्वीराज कपूर जैसे बड़े स्टार्स की ये फिल्म अपने शानदार सेट्स, दमदार डायलॉग्स और दिल छू लेने वाले गानों के लिए आज भी याद की जाती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म का सबसे फेमस गाना 'जब प्यार किया तो डरना क्या' कितनी मेहनत से बना था? इस गाने को लिखने से पहले 105 गाने रिजेक्ट हो चुके थे। फिर कहीं जाकर इस गाने के बोल फाइनल हुए। इसे लिखने में ही 100 घंटे से ज्यादा का वक्त लग गया था। गाने की रिकॉर्डिंग भी आम नहीं थी। संगीतकार नौशाद और गायिका लता मंगेशकर चाहते थे कि आवाज में एक खास गूंज हो, जो स्टूडियो में नहीं मिल पा रही थी। इसलिए, लता जी ने ये गाना बाथरूम में खड़े होकर रिकॉर्ड किया। जी हां, बाथरूम की गूंज को माइक में कैद किया गया और वहीं से निकला वो जादू, जो आज तक सबके दिलों में बसा है।

### 10 लाख थी गाने की लागत

*इस गाने को शूट करने के लिए एक शीशे का भव्य सेट तैयार किया गया था। जिसकी लागत थी करीब 10 लाख रुपए – उस दौर में ये रकम बेहद बड़ी मानी जाती थी। सिर्फ सेट पर ही 2 लाख खर्च हो गए थे। डायरेक्टर के.आसिफ इस गाने को परफेक्ट बनाना चाहते थे, और उन्होंने कोई समझौता नहीं किया।*

### 14 साल लगे मुगल-ए-आज़म को बनने में

*मुगल-ए-आजम को बनने में 14 साल लगे। बीच में प्रोड्यूसर बदल गए, पैसे की कमी आई, लेकिन आसिफ साहब ने हार नहीं मानी। आज भी जब कहीं 'जब प्यार किया तो डरना क्या' ये गाना बजता है, तो सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि सिनेमा के पीछे का जुनून और शिद्दत गूंजती है।*

## 77 करोड़ रुपए का कलेक्शन, अमिताभ को मिली सिर्फ 1 रुपए फीस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में शोहरत और दौलत हमेशा साथ-साथ चलती है। स्टार जितना बड़ा होता है, उसकी तनख्वाह भी उतनी ही ज्यादा होती है। आमतौर पर देखा जाता है कि बड़े एक्टर्स एक फिल्म के लिए करोड़ों रुपए लेते हैं, जो उनकी प्रतिभा, स्टारडम और फिल्म में उनकी मौजूदगी के लिए दी जाने वाली फीस होती है। लेकिन, शायद ही कभी हमें ऐसी कहानी सुनने को मिलती है, जिसमें स्टार्स ने पैसे को पीछे छोड़ दिया हो और अपने रिश्ते को प्राथमिकता दी है। ऐसी ही एक कहानी बॉलीवुड के सबसे बड़े नाम शहंशाह अमिताभ बच्चन की है।

### बिग-बी ने पैसे को पीछे छोड़ अपने रिश्ते को दी प्राथमिकता



### पहले मांगी मुंहमांगी रकम और अगली फिल्म में सिर्फ 1 रुपए

*लेकिन, इस फिल्म को और भी खास बनाने वाली बात यह थी कि एक ऐसी दुनिया में जहां स्टार्स अपनी तनख्वाह के लिए मोल-तोल करते हैं, वहीं अमिताभ बच्चन ने सिर्फ 1 रुपए लिए। और, इस इशारे के पीछे की वजह भी उतनी ही दिल को छू लेने वाली है। उस समय यश चोपड़ा और अमिताभ बच्चन ने फिल्म सिलसिला में साथ काम किया था। यश चोपड़ा ने दिग्गज अभिनेता अमिताभ से पूछा था कि उन्हें कितना पैसा चाहिए। इस सवाल पर बिग बी ने जवाब दिया, 'मुझे और चाहिए, क्योंकि मैं एक घर खरीदना चाहता हूं।' उनकी इच्छा का पालन करते हुए, यश चोपड़ा ने उन्हें उसी हिसाब से भुगतान करना सुनिश्चित किया। अगली बार जब यश चोपड़ा ने मोहब्बतें के लिए अमिताभ से यही सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा, 'आपने मुझे पिछली बार जो मांगा था, वो दे दिया। इस बार मैं फिल्म के लिए सिर्फ 1 रुपए लूंगा।'*

### फिल्म ने बजट से 4 गुना ज्यादा कमाया

यह फिल्म 19 करोड़ रुपए के भारी भरकम बजट पर बनी थी और इसने अपनी लागत से 4 गुना ज्यादा यानी दुनिया भर में 77 करोड़ रुपए की कमाई की। यह फिल्म न सिर्फ व्यावसायिक रूप से सुपरहिट रही, बल्कि इसने अमिताभ जैसे अभिनेताओं की कई पीढ़ियों को उस समय के उभरते सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ एक साथ ला खड़ा किया। आज भी अमिताभ बच्चन दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाए हुए हैं। हिंदी फिल्म सिनेमा में उनका योगदान बेमिसाल है और आज भी वे बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे मशहूर और सम्मानित अभिनेताओं में से एक हैं। आज भले ही वे काफी ज्यादा पैसे लेते हों, लेकिन मोहब्बतें के लिए सिर्फ 1 रुपए लेने का उनका अंदाज दिखाता है कि वे न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी हैं।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों की इंटर्नशिप प्रक्रिया की जानकारी

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय में इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्रक्रिया से संबंधित ओरिएंटेशन कार्यक्रम का तृतीय एवं अंतिम चरण सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को इंटर्नशिप की मूलभूत जानकारी प्रदान की गई थी। इंटर्नशिप कोऑर्डिनेटर प्रो. सतीश सिंगला ने विद्यार्थियों को संबोधित किया एवं इंटर्नशिप प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने प्रशिक्षण की प्रक्रिया, उद्देश्य, दिशा-निर्देश तथा आगामी कार्यप्रणाली के प्रत्येक पहलू पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्थान की उप-प्राचार्य डॉ. नीलम दहिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

### गुजवि में ग्रीष्मकालीन खेल शिविर कल से

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खेल निदेशालय के सौजन्य से 5 जून से 30 जून 2 तक ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों व गैर-शिक्षक कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के लिए पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। खेल निदेशालय के डीन प्रो. मनीष कुमार ने बताया कि शिविर में बास्केटबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल, तीरंदाजी (आर्चरी), कबड्डी व शूटिंग खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ जिम प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

### तृतीय हरियाणा कन्या बटालियन ने शुरू किया कैंप

**हिसार।** तृतीय हरियाणा कन्या बटालियन एनसीसी द्वारा 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल चिकनवास में किया जा रहा है। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के प्रथम प्राथमिक औपचारिकता के उपरान्त कैडेटों को शिविर में भाग लेने की अनुमति दी गई। इस शिविर में कुल मिलाकर 589 कैडेट भाग ले रहे हैं। शिविर के उद्घाटन सम्बोधन में कैम्प कमांडेट, कर्नल ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने कैडेट्स को एनसीसी प्रशिक्षण का अनुसरण करते हुए जीवन में सभी को जिम्मेवार नागरिक बनने की दिशा में मार्ग दर्शन किया। इसके साथ गायन, नृत्य, पेंटिंग, समान्य ज्ञान आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारी मेजर आकांक्षा पांडे, कैंप कार्यवाहक एसएम सूबेदार, नीरपाल, थर्ड ऑफिसर पूनम, सीनियर जीसीआई निशा, सूबेदार टेकसिंह आदि शिविर में भाग ले रहे हैं।

### एडीसी ने ली जिलास्तरीय मलेरिया वर्किंग की बैठक

**हिसार।** अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मच्छर जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए अपनाई जा रही रणनीतियों की समीक्षा की गई और विभिन्न विभागों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सुभाष खतरेजा ने वर्ष 2022 से 2025 तक मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया के आंकड़ों की तुलनात्मक जानकारी दी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी घर-घर जाकर जागरूकता गतिविधियों में भाग लेंगी।

### जाम्भाणी संस्कार शिविर आज से कालवास में

**हिसार।** जाम्भाणी संस्कार शिविर का आयोजन 4 जून से जिले के गांव कालवास में किया जाएगा। यह गैर-आवासीय शिविर श्री गुरु जम्भेश्वर सीनियर सेकेंडरी स्कूल कालवास में 8 जून तक चलेगा। शिविर का आयोजन जाम्भाणी साहित्य अकादमी, बीकानेर एवं बिश्नोई समाज, कालवास के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इसकी व्यवस्थाएं देवेंद्र लांबा एवं राधेश्याम लांबा के नेतृत्व में की गई हैं। जिला प्रभारी अनिल भांभू ने बताया कि शिविर का शुभारंभ शिक्षाविद् अजीत सिंह करेंगे जबकि एचएयू मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ अध्यक्षता करेंगे व एडवोकेट मनदीप बिश्नोई कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि होंगे। समापन कार्यक्रम में 8 जून को आईपीएस अधिकारी देवेंद्र बिश्नोई मुख्य अतिथि होंगे।

---

### लोगों ने जताया विरोध, प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी

# सीवरेज चैंबर ऊंचा उठाने पर सैनियान मोहल्ला में हंगामा

**सड़क ऊंची उठाने समाधान नहीं : पार्षद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** विरोध के चलते क्षेत्रवासियों की जमा भीड़। *फोटो : हरिभूमि*

पुरानी सब्जी मंडी चौक से सैनी स्कूल की तरफ जाने वाले रास्ते पर सीवरेज चैंबर ऊपर उठाने को लेकर मंगलवार को बवाल हो गया और क्षेत्रवासियों ने जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ रोष जताया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि जिस लेवल पर सीवरेज चैंबर उठाए गए है, उसे देखते आसपास के एरिया में बारिश के दिनों में अत्याधिक जलभराव होगा और बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाएंगे। उन्होंने प्रशासन ने इस ओर ध्यान देते हुए सीवरेज के चैंबरों को सही करवाने के बाद ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू करने की मांग की। उधर, वार्ड नंबर 4 से पार्षद हरिसिंह सैनी सांखला ने कहा कि सड़क ऊंची उठाना समाधान नहीं है। प्रशासन को इस तरीके से व्यवस्था करनी चाहिए कि इस सड़क पर जलभराव भी न हो और किसी को दिक्कत भी न आए। मेरी तरफ से हर संभव कोशिश रहेगी कि वार्डवासियों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इससे पूर्व विरोध कर रहे लोगों ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा रातों रात सीवरेज के चैंबर को डेढ़ फुट तक ऊंचा उठा दिया। उन्होंने कहा कि बरसाती पानी की निकासी का इलाज बरसाती नाले के माध्यम से किया जाए, न की सड़क को लेवल ऊपर करके किया जाए। कई दशक से क्षेत्र के लोग जलभराव की समस्या से दो-चार होते आ रहे हैं, लेकिन समस्या जस की तस है। अब जनस्वास्थ्य विभाग ने बरसाती नाले डाल दिए, लेकिन सीवरेज चैंबर को सड़क के लेवल से डेढ़ फुट ऊंचा उठा दिया। अगर अब सीवरेज चैंबर के लेवल में सड़क को ऊंचा उठाया जाएगा तो विजय नगर, विश्वकर्मा मंदिर एरिया समेत आसपास की कई गलियों में मानसून सीजन के दौरान पानी घरों में घुस जाएगा। प्रशासन से मांग है कि सैनी हथाई की तरफ से सड़क के लेवल को ध्यान में रखकर ही सीवरेज व्यवस्था व सड़क निर्माण किया जाए।

---

# आईएमए की वुमन डॉक्टर विंग ने नशे से बचने की दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** सम्मानित करती डॉ. प्रतिमा गुप्ता व डॉ. सत्या सांवत।

आईएमए की वुमन डॉक्टर विंग ने अपने नशामुक्ति अभियान 'मिशन होश' के अंतर्गत "पापा कैच" नामक डांस ड्रामा का आयोजन जिंदल ऑडिटोरियम में किया। इसका संचालन संजय सेठी ने किया। यह कार्यक्रम पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता की प्रेरणा से किया गया। डॉ. अंजू यादव, डॉ. दिव्या गुप्ता, डॉ. प्रियंका छाबड़ा, डॉ. मोनिका गोयल एवं डॉ. इशिका नैन ने 80 युवा नर्सिंग छात्राओं को नशे के जहर से बचने की प्रेरणा दी। इस मुहीम के लिए डॉ. प्रतिमा गुप्ता ने नाट्यकारों को प्रोत्साहन दिया एवं नशामुक्त हरियाणा का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. अजय महाजन, डॉ. सत्या सावंत, डॉ. रितु जसूजा, डॉ. माधुरी मेहता, डॉ. रेणु छाबड़ा, डॉ. अर्चना सोनी, डॉ. सरीना, डॉ. अनिशा महाजन, डॉ. संध्या गुप्ता, डॉ. नीता मल्होत्रा, डॉ. रितु मेहता एवं अन्य ने भी भाग लिया। नशामुक्ति में योगदान के लिए डॉ. बीर सिंह यादव, डॉ. शुभम मेहता एवं डॉ. अभिषेक सैनी को सम्मानित किया गया।

---

# डीटीपी को ज्ञापन सौंपकर अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** जिला नगर योजनाकार अधिकारी दिनेश कुमार को पत्र सौंपते समिति के अध्यक्ष जितेंद्र श्योराण।

संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेंद्र श्योराण ने जिला नगर योजनाकार अधिकारी दिनेश कुमार को एक पत्र सौंपकर शहर में जगह-जगह कॉलोनाजइर्स द्वारा काटी जा रही अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही की मांग की है। जितेंद्र श्योराण ने बताया कि कैमरी रोड पर अनअप्रूव्ड कॉलोनी काटी गई है जिसके प्लॉट्स को आम जनता में अप्रूव बताकर बेचा जा रहा है। यह कॉलोनी रेरा की शर्तों को पूरा नहीं करती, कॉलोनी में स्कूल, हॉस्पिटल, व पार्क आदि के लिए जगह छोड़ना जरूरी होता है जिसकी जगह कॉलोनी में नहीं छोड़ी गई है। इसके अलावा जिस जमीन पर यह कॉलोनी काटी गई है वह आर जोन में नहीं आती जो कि नियमों के खिलाफ है। इसलिए कॉलोनियों को काटने वालों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। डीटीपी दिनेश कुमार ने समिति को पूरा आश्वासन दिया कि नियमों के विरुद्ध जिसने भी कॉलोनी काटी हैं उन पर जरूर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला नगर योजनाकार विभाग सभी अवैध कॉलोनाइजरों पर त्वरित कार्रवाई करे नहीं तो समिति द्वारा शहर के पीड़ति लोगों को साथ लेकर आन्दोलन किया जाएगा।

---

# पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भजन लाल को किया याद

- कफतेहाबाद के पूर्व विधायक दुड़ाराम, विधायक रणधीर पनिहार ने भी चौधरी भजनलाल की समाधी पर पुष्प अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार/आदमपुर



**आदमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करते हैं उनके बेटे कुलदीप बिश्नोई व अन्य।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने पूर्व सीएम स्व. चौधरी भजनलाल की 14वीं पुण्य तिथि पर आदमपुर स्थित उनकी समाधी पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर फतेहाबाद के पूर्व विधायक दुड़ाराम, विधायक रणधीर पनिहार ने भी चौधरी भजनलाल की समाधी पर पुष्प अर्पित किए। चौ. भजन लाल की 14वीं बरसी पर हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली सहित विभिन्न क्षेत्रों में लोगों ने रक्तदान शिविर, हवन यज्ञ तथा गरीबों, बच्चों को फल वितरित करके उन्हें याद किया।

### पुण्यतिथि पर बिश्नोई मंदिर में किया हवन यज्ञ

उधर, हिसार में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय भजनलाल की पुण्यतिथि पर बिश्नोई सभा हिसार द्वारा बिश्नोई मंदिर में हवन एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने भजनलाल प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक रणधीर पनिहार अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के वरिष्ठ उपप्रधान सुभाष देहडू बिश्नोई सभा, हिसार के प्रधान जगदीशचंद्र कड़वासरा, उपप्रधान नरसिंह ज्यानी व आत्माराम जाजूदा, सचिव रमेश खीचड़, सह सचिव संजय सिहाग, कोषाध्यक्ष कृष्ण पुनिया आदि उपस्थित रहे।

---

# बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियों में जुटा प्रशासन

- उपायुक्त अनीश यादव ने तैयारियों की समीक्षा के लिए विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** बाढ-राहत प्रबंधों का निरीक्षण करते उपायुक्त अनीश यादव।

उपायुक्त अनीश यादव ने बाढ़ स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने इक्विनस ब्रीडिंग स्टड (ईबीएस) सेक्टर 14/33 के समीप से लेकर विभिन्न गांवों से होकर जाने वाली ड्रेन का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्रेन से गाद निकालने व पेड़ पौधों की कटाई-छंटाई करने की हिदायत दी। उपायुक्त ने सिंचाई विभाग व वन विभाग को मशीन लगाकर ड्रेन की सफाई करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत वे एसटीपी ऋषि नगर में गए और वहां ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यक्षमता के बारे में जानकारी ली।

उपायुक्त अनीश यादव ने शाहपुर, हिसार बाइपास पर राणा माइनर के समीप पंप हाउस, बरवाला चुंगी के समीप गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले और अन्य स्थलों पर जल निकासी व्यवस्था, साफ-सफाई, पंपिंग व्यवस्था और आपात स्थिति में की जाने वाली कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों में निकासी के सभी प्रबंधों को दुरुस्त रखें। आपात स्थिति के मद्देनजर सभी आवश्यक उपकरण और संसाधन की व्यवस्था समय रहते कर ली जाए। इस निरीक्षण में नगर निगम, सिंचाई विभाग, सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर), डीएचबीवीएन, एचएसवीपी, एनएचएआई, जिला पंचायत एवं विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी विभागों ने अपनी तैयारियों की जानकारी दी और आपसी समन्वय से कार्य करने का आश्वासन दिया।

### ये रहे मौजूद

बैठक में नगर निगम आयुक्त नीरज, एसडीएम ज्योति मित्तल, सीईओ जिलापरिषद हरबीर सिंह, नगर निगम संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल सिंह, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, एक्सईएन बलकार रेड्डू, बिजेन्द्र साहु सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# पुलिस ने धार्मिक स्थलों की प्रबंधन समिति के साथ की बैठक

- बैठक का मुख्य उद्देश्य कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के साथ सभी धार्मिक स्थलों के साथ समन्वय स्थापित करना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



**हांसी।** गुरुद्वारा प्रबंधन समिति सदस्यों के साथ मीटिंग करते पुलिस अधिकारी *फोटो : हरिभूमि*

पुलिस ने सुरक्षा दृष्टि के मध्येनजर मंगलवार को पुलिस जिला हांसी के धार्मिक स्थलों चर्चों, मन्दिरों, मस्जिदों व गुरूद्वारा प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ समन्वय बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के साथ सभी धार्मिक स्थलों के साथ समन्वय स्थापित करना है। धार्मिक स्थलों के आयोजनों की जानकारी समय से प्राप्त करना व आयोजनों के समय सम्भावित उपस्थित लोगों की संख्या बारे जानकारी लेना। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करना। अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। आपसी सहयोग व तालमेल बनाए रखने।

सभी धार्मिक स्थलों के प्रभारियों को निर्देशित किया कि धार्मिक स्थलों पर पुलिस, आपातकालीन सेवा, एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड के नम्बर बोर्ड पर लिखवाएं ताकि आपातकालीन स्थिति में समय रहते सम्पर्क किया जा सके। समय-समय पर धार्मिक संस्थानों की सुरक्षा-व्यवस्था के संबंध में प्रभारियों के साथ समन्वय स्थापित करना चाहिए। सुरक्षा दृष्टि के मध्येनजर धार्मिक स्थलों की पूर्ण रूप से चेकिंग की जाए। धार्मिक स्थलों में कार्य करने वाले कर्मचारियों, पुजारियों, मौलवियों, पादरियों व अन्य का चरित्र सत्यापन जरुर करवाए। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आता है तो इसकी सूचना तुरंत प्रभाव से पुलिस को दे। धार्मिक स्थलों में आने वाले बाहरी स्वयं सेवकों की सूची का विवरण रखना चाहिए। धार्मिक स्थलों पर लगे सीसीटीवी कैमरे हर वक्त पूर्ण रूप से काम करने चाहिए। ताकि विशेष दिन की गतिविधि नजर आ सके।

---

# रविवार को ड्राई डे मनाने के लिए चलाया जाएगा जागरूकता अभियान : सीएमओ

- जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय में सिविल सर्जन की अध्यक्षता में मासिक मलेरिया बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** मासिक बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी।

जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय में सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत की अध्यक्षता में मासिक मलेरिया बैठक का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन ने बताया कि जून माह को मलेरिया रोधी माह के रूप मे मनाया जाएगा, स्वास्थ्यकर्मी घर घर जाकर बुखार पीड़ति मरीजों की रक्त पट्टिका बनाएंगे और मलेरिया पाए जाने पर पूर्ण इलाज मुहैया कराया जाएगा, आमजन को रविवार के दिन ड्राई डे मनाने बारे जागरूक करने का कार्य भी किया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सुभाष खतरेजा ने बताया कि जैसे ही बुखार आए तुरंत आने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर रक्त की जांच कराए और मलेरिया पाए जाने पर निःशुल्क इलाज प्राप्त करे, रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करे, अपने आस पास पानी इकठ्ठा न होने दें, खड़े पानी में काला तेल या डीजल डालने का कार्य करें।

### डेंगू व मलेरिया का 1-1 केस मिला

मलेरिया विभाग तकनीकी शाखा में कार्यरत प्रदीप कुमार ने बताया कि मई माह तक मलेरिया केस संख्या 1 और डेंगू केस संख्या भी 1 है। अब तक 890 घरों में लार्वा मिलने पर चेतावनी नोटिस दिए जा चुके है। हिसार शहर में निगम के सहयोग से फॉगिंग का कार्य लगातार जारी है। बैठक स्वास्थ्य सुपरवाइजर सुखबीर सिंह, नफे सिंह सोनी, जितेंद मलिक, जगदीप मान, सतबीर सिंह, बलवान सिंह, अंग्रेज सिंह, रमेश रंगा, रमेश कुंडू आदि ने भाग लिया।

---

### जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक आयोजित

# मेडिकल स्टोर्स पर लगातार औचक निरीक्षण करने के निर्देश

- डीसी यादव ने नशे के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** जिला स्तरीय एनकॉर्ड बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अनीश यादव।

उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति (एनकोर्ड) की बैठक में नशे के खिलाफ चल रही गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गई। उपायुक्त अनीश यादव ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में नशा पीड़ित व्यक्तियों का नियमित और प्रभावी फॉलोअप सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्रों का औचक निरीक्षण समय-समय पर करते रहे ताकि केंद्रों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनी रहे। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत द्वारा जिले के सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उपायुक्त अनीश यादव ने ड्रग कंट्रोलर को मेडिकल स्टोर्स पर लगातार औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए और कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाए। नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री और स्टॉकिंग को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### यह रहे उपस्थित

बैठक में हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम मोहित मेहराणा, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, नगराधीश हरिराम, सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, जिला खेल अधिकारी नरेश कुमार, डीआईओ दीपक भारद्वाज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# बाल कलाकारों ने दिखाई प्रदर्शनी के माध्यम से सेना के पराक्रम की झलकियां



**उकलाना।** सेना के पराक्रम को दिखाते प्रदर्शनी का अवलोकन करते अभिभावक व गणमान्य लोग।

**उकलाना।** ललित कला अध्यापक राजेंद्र भट्ट के दिशा निर्देशन में डॉ. पीएस सांगवान चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से एकदिवसीय पराक्रम पर आधारित कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में 20 छात्रों द्वारा लगभग 60 पेंटिंग बनाई गई जिसमें छात्रों ने प्रदर्शनी के माध्यम से सेना के पराक्रम की झलकियां दिखाई। पेंटिंग में शांति अमन सौहार्द का भी प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में बच्चों के अभिभावकों ने आकर बच्चों तथा शिक्षक राजेंद्र भट्ट के प्रयास की सरहाना की। ललित कलाध्यापक राजेंद्र भट्ट ने कहा कि देश में एक महीने के दौरान क्या घटा वह इन छात्रों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से प्रदर्शित करने का काम किया है।

**सूचना**

मैं, रोहताश कुमार पुत्र श्री सत्यनारायण निवासी किरतान, उप तहसील बालसमंद, जिला हिसार, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा और मेरी पत्नी उषा रानी का मेरे ससुर संतराम,साले राजेश,चिमन व ससुराल पक्ष निवासी महावीर कालोनी, हिसार से कोई संबंध या वास्ता नहीं है। इनके साथ हमारा कोई लेन-देन या व्यवहार नहीं है। इनके साथ लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### भाविप चन्द्रशेखर आजाद शाखा ने किया पौधरोपण

**हिसार।** भारत विकास परिषद चन्द्रशेखर आजाद शाखा द्वारा मंगलवार को शाखा अध्यक्ष रोहतास शर्मा की अध्यक्षता में पौधारोपण अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ किया गया। इसके तहत सेक्टर 16-17 की ग्रीन बैल्ट में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पार्षद सुरेश बिड़लान, धीरज शर्मा, नरेश भारद्वाज, सत्यवान मुख्याध्यापक, पार्क प्रधान नेकी राम यादव, शिवदयाल, राजेश कुमार आहूजा, पंकज कुमार, हरविंद्र मल्होत्रा, ऋषि लाल शर्मा, सुनील दत्त, पवन शर्मा, मोहन शर्मा, विनय दत्त, मनोज कुमार, प्रिंसिपल नरेश भोला, मास्टर सत्यपाल, डॉ. रमेश आर्य, जितेन्द्र माली, चरण सिंह आदि मौजूद रहे।

### कर्म कल्याणी सोसायटी ने लगाया निःशुल्क कैंप

**हिसार।** कर्म कल्याणी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा टॉडलर वर्ल्ड स्कूल मॉडल टाउन में निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप 12 जून तक शाम 5:30 से 7:00 बजे तक चलेगा। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना है। कैंप में जरूरतमंद महिलाओं को पापड़, अचार, सिलाई, मेहंदी, सेल्फ डिफेंस, क्राफ्ट बिजनेस आदि सिखाया जा रहा है। बच्चों के लिए आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, मेहंदी व सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी जा रही है।

### यूनियन कल अभियंता को सौंपेगी ज्ञापन

**हिसार।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान सतबीर सुरलिया ने बताया कि यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा व अन्य लाभों सहित अन्य मुद्दों को लेकर 5 जून को अधीक्षक अभियंता के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

### बीड़ बबरान धाम में श्याम संकीर्तन 6 को

**हिसार।** महाभारतकालीन प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में चल रहे 11 दिवसीय अखंड ज्योति अनुष्ठान में भक्तों के उमड़ने का सिलसिला जारी है। अनुष्ठान की पूर्णाहुति व निर्जला एकादशी के अवसर पर 6 जून को रात्रि 8.30 से प्रभु इच्छा तक श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस संकीर्तन में दिल्ली से ऐश्वर्य दत्त बबली जी महाराज, आदमपुर से सुनील डाया व हिसार से मास्टर विनोद बिन्नी सहित कई भजन गायक हिस्सा लेंगे।

### चार दिवसीय शिविरों की तैयारियां पूरी

**हिसार।** भागदौड़ भरी जिंदगी में जहां बच्चे अशांति व व्याकुलता का शिकार हो रहे हैं, वहीं विभिन्न कार्यों से जुड़े लोग तनाव व अवसाद को झेल रहे हैं। इन समस्याओं के मद्देनजर सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में चार दिवसीय दो शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि 5 से 8 जून तक बच्चों के लिए मेडिटेशन व सेलिब्रेशन शिविर और साधकों के लिए दि आर्ट ऑफ ब्लिसफुल लिविंग शिविर की व्यवस्था की गई है।

### बेसहारा पशुओं को पकड़ कर भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार व अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के दिशा-निर्देश पर बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम के द्वारा मंगलवार को ज्योतिपूरा मोहल्ला, सेक्टर 14 से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने दो दिन में 23 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण में भेजा गया। पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### अवैध हथियार सप्लायर प्रोडक्शन वारंट पर

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने दो अवैध पिस्तौल व एक देशी कट्टा तथा 13 जिन्दा कारतूस सप्लायर करने वाले जींद जिले के गांव करेला व हाल हिसार जिले के गांव बीड़ बबरान निवासी विकास को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है।

## पूर्व डीजीपी ने दर्जनों ग्रामीणों से की पूछताछ

# गठित कमेटी ने भाटला सामाजिक बहिष्कार प्रकरण की जांच शुरू की

गठित स्वतंत्र जांच समिति ने मंगलवार को हांसी विश्राम गृह में लोगों से जुटाई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



हांसी। एसआईटी के सामने बयान दर्ज करवाने हांसी विश्राम गृह में बैठे भाटला के ग्रामीण। फोटोः हरिभूमि

हांसी के चर्चित भाटला सामाजिक बहिष्कार प्रकरण की जांच को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित स्वतंत्र जांच समिति ने मंगलवार को हांसी विश्राम गृह में सामाजिक बहिष्कार झेलने वाले ग्रामीणों से पुछताछ की।

टीम का नेतृत्व उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी कमलेन्द्र प्रसाद कर रहे हैं। समिति में उनके साथ उत्तरप्रदेश पुलिस ब्यूरो के पूर्व निदेशक विक्रम चंद गोयल, सेवानिवृत्त डीएसपी मीनाक्षी शर्मा तथा सेवानिवृत्त डीएसपी राजेंद्र पाल सिंह शामिल हैं।

### पुलिस अधिकारियों की समिति का गठन

सामाजिक बहिष्कार प्रकरण की जांच के लिए गठित एसआईटी हांसी के विश्राम गृह में ठहरी हुई है, जहां सामाजिक बहिष्कार की मौजूदा स्थिति की समीक्षा और जांच प्रक्रिया की शुरुआत की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में आदेश जारी करते हुए भाटला प्रकरण की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की समिति का गठन किया था।

### गांव का दौरा कर सकती है टीम

एसआईटी टीम द्वारा आने वाले दिनों में भाटला गांव का दौरा कर मौके का निरीक्षण करने की संभावना है, टीम गांव का दौरा कर सामाजिक बहिष्कार प्रकरण से संबंधित सभी पक्षों से बातचीत करेगी तथा घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहराई से जांच करेगी। जांच के दौरान टीम स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से भी मुलाकात कर उनसे मामले से जुड़े दस्तावेज और जानकारी हासिल करेगी।

एसआईटी ने मंगलवार को भी विश्राम गृह करीब 40 ग्रामीणों को पूछताछ के लिए बुलाया गया, जिनमें बड़ी तादाद में महिलाएं शामिल थी।

### प्रशासन से चस्पाए थे नोटिस

स्थानीय प्रशासन द्वारा सामाजिक बहिष्कार प्रकरण में शामिल होने तथा एसआईटी टीम के समक्ष अपना बयान दर्ज करवाने वाले लोगों के लिए भाटला के मुख्य चौकों पर नोटिस चस्पा किए गए थे। जिसमें लिखा गया था जो भी ग्रामीण सामाजिक बहिष्कार प्रकरण जांच के लिए गठित समिति की जांच में शामिल होना चाहता है। वह नोटिस में दिए गए फोन नंबरों पर संपर्क कर अपना नाम दर्ज करवा सकता है। और नोटिस के बाद जिन ग्रामीणों ने जांच में शामिल होने की इच्छा जाहिर की। उन्हें फोन पर सूचित कर कमेटी के सामने पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने जांच समिति को तय समय सीमा में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।

# छात्रों ने किया शहरों का भ्रमण

- आर्य नगर के विद्यार्थियों ने किया वर्चुअल सिटी टूर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। वर्चुअल सिटी टूर के दौरान उपस्थित शिक्षक व बच्चे। फोटोः हरिभूमि

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आर्य नगर में प्राचार्य अनिल यादव के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा 6 से 8 की छात्राएं उपस्थित रही। प्राध्यापक तनुजा द्वारा विद्यार्थियों को स्मार्ट बोर्ड पर वीडियो के माध्यम से आभासी नगर भ्रमण (वर्चुअल सिटी टूर) के दौरान अमृतसर, जयपुर छत्रपति संभाजी नगर (औरंगाबाद) जैसे प्रसिद्ध शहरों का भ्रमण कराया गया जिसे सभी छात्राओं ने बड़े उत्साह से देखा व नई नई जानकारियां हासिल की। बच्चों के द्वारा दैनिक जीवन के संवाद जैसे अध्यापक-विद्यार्थी, बाजार से खरीदारी आदि को भूमिका निभाना (रोल प्ले) द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि भक्ति जोशी ने छत्रपति संभाजी नगर (औरंगाबाद) शहर का परिचय मराठी भाषा में दिया और प्रसिद्ध स्थल अजन्ता-एलोरा के बारे में बच्चों को जानकारी दी।

# आदीश का मैथ ओलम्पियाड में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। अपने पिता डॉ. विक्रम जैन व माता डॉ. विनीता जैन के साथ आदीश जैन। फोटोः हरिभूमि

सेक्टर 9-11 निवासी आदीश जैन का अन्तरराष्ट्रीय मैथ ओलम्पियाड (आईएमओ) में चयन हुआ है। जोकि हिसार के लिए गर्व की बात है। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष होता है, जिसमें सौ से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग लेते हैं। इसमें प्रत्येक देश से 6 छात्रों का चयन होता है। इस ओलम्पियाड के लिए सरकार द्वारा निर्धारित चार चरणों में छात्रों का चुनाव किया जाता है। इसके तीसरे चरण में राष्ट्रीय स्तर पर आईएनएमओ द्वारा लगभग 70 छात्रों का चयन किया गया। होमी भाभा सेंटर फॉर साईंस एजुकेशन एवं टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च द्वारा ट्रेनिंग के बाद पूरे भारत से हिसार के आदीश जैन सहित 6 छात्रों का चयन किया गया। ये छात्र जुलाई 2025 में आस्ट्रेलिया में होने वाले अन्तरराष्ट्रीय मैथ ओलम्पियाड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। आदीश के पिता डॉ. विक्रम जैन एवं माता डॉ. विनीता चिकित्सक हैं।



हिसार। मुख्य अतिथि डॉ. मदन खीचड़ प्रतिभागियों के साथ। फोटोः हरिभूमि

# हकृवि में दिया एडोब फोटोशॉप व ऑटोकैड का प्रशिक्षण

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एडोब फोटोशॉप और ऑटोकैड पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के कंप्यूटर लैब में आयोजित किए गए 14 दिवसीय इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की डिजाइनिंग क्षमताओं को उन्नत करना था। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे जबकि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। छात्र कल्याण निदेशक डॉ मदन खीचड़ ने अपने संबोधन में कहा कि एडोब फोटोशॉप और ऑटोकैड प्रशिक्षण का बहुत अधिक महत्व है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन विभाग की शिक्षका डॉ. प्रमिला कृष्णा चहल और डॉ. किरण सिंह द्वारा किया गया जो प्रशिक्षण की कोर्स कोआर्डिनेटर भी रही।

# हौटा ने कुलपति को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड मिलने पर दी बधाई

- संगठन ने कुलपति के समक्ष शिक्षकों की मांगे व समस्याएं भी रखी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मिलकर उन्हें बधाई देते हौटा अध्यक्ष डॉ. अशोक गोदारा एवं अन्य पदाधिकारी। फोटोः हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (हौटा) ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मुलाकात की। हौटा ने कुलपति को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड मिलने पर बधाई दी और शिक्षक संघ की विभिन्न मांगों व समस्याओं से अवगत करवाया। हौटा अध्यक्ष डॉ. अशोक गोदारा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से मुलाकात की और उन्हें गुलदस्ता भेंट करके उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए बधाई दी। संगठन की नवगठित कार्यकारिणी की कुलपति के साथ यह पहली मुलाकात थी। हौटा अध्यक्ष डॉ. गोदारा के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति को शिक्षकों की मांगों व समस्याओं से अवगत करवाया। कुलपति ने हौटा अध्यक्ष डॉ. अशोक गोदारा एवं अन्य पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि शिक्षकों की मांगों व समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा। कुलपति से मिलने वाले हौटा प्रतिनिधिमंडल में उप प्रधान डॉ. कृष्ण यादव, सचिव डॉ. राजेश आर्य, सह सचिव डॉ. दिनेश तोमर व खंजाची डॉ. कौटिल्य चौधरी के अलावा कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सुशील नागर आदि रहे।

# धोखाधड़ी में संलिप्त तीसरा आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

- एलआईसी एजेंट बनकर 85 हजार की ठगी का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

विशेष अभियान के दौरान थाना साइबर क्राइम पुलिस ने एलआईसी के फर्जी एजेंट बनकर 84980 रुपये की धोखाधड़ी करने के एक मामले में संलिप्त तीसरे आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। प्रोडक्शन वारंट पर लिए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के भरतपुर जिले के गांव डंडे वाला डेरा निवासी मलकीत सिंह को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है।

पुलिस प्रवक्ता से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रोडक्शन वारंट पर लिए गए आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर 9 फरवरी 2025 को एलआईसी के नकली एजेंट बनकर एलआईसी पॉलिसी की किस्त के बकाया रुपए देने बारे सिसाय बोलान निवासी शालिनी के मोबाइल नंबर पर नकली टैक्स्ट मैसेज भेजकर 84980 रुपए की धोखाधड़ी की थी। साइबर क्राइम पुलिस ने शालिनी की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से इस मामले में कुल 75300 रुपए बरामद कर कब्जा पुलिस में ले चुकी है। पकड़े गए आरोपी को बाद प्रोडक्शन न्यायालय में पेश करके 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। तथा कितने और के साथ धोखाधड़ी की गई है के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जाएगा।

# भगवान शिव की महिमा अपरम्पार

- श्रद्धालुओं ने जय घोष करते हुए परिक्रमा की

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। 21 धूणों के बीच तपस्या करते महंत सुखदेवा नंद महाराज। फोटोः हरिभूमि

भगवान शिव भोले बाबा अपने नाम की तरह बहुत ही भोले बाबा है,उनकी सच्चे मन से थोड़ी सी आराधना करने पर वह शीघ्र ही प्रसन्न हो जाते हैं और वह अपनी कृपा बरसाते हैं। भगवान शिव की महिमा अपरम्पार है, इसलिए हमें नित्य प्रतिदिन भोले बाबा की आराधना करनी चाहिए। यह बात ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में आश्रम के गद्दीनशीन महंत राजेश्वरानंद महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच व्यक्त किए। शिव बाबा की आराधना के उपरांत आश्रम में चल रही तपस्या के तहत महंत सुखदेवानंद महाराज ने तपस्या स्थल की परिक्रमा कर गुरु महाराज को दंडवत किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने जय घोष करते हुए परिक्रमा की। इस मौके पर स्वामी सज्जनानंद महाराज, चैतन्य महाराज बृजवासी, जयवीर डूडी, सुधीर गोदारा, रमेश, बंशो, सीता, रामप्यारी, शारदा, रोशनी, प्रेम, लीलो आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### निगम प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली व निगमायुक्त के निर्देशानुसार शहर से अतिक्रमण हटाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। मंगलवार को अतिक्रमण हटाने की शुरूआत पुरानी सब्जी मण्डी चौक से सैनियान स्कूल के आस-पास के क्षेत्र में की। मिली शिकायतें के आधार पर सड़क के दोनों तरफ से अतिक्रमण हटवाया गया। इसके बाद टीम ने राजगुरू मार्केट से अतिक्रमण हटवाया। इसके पश्चात टीम ने आजाद नगर से अतिक्रमण हटाया। टीम के द्वारा कैंट के सामने मार्केट में मुनादी करवाकर सड़क पर किये गए अतिक्रमण को हटाने की अपील की तथा दुकानदारों को अपनी परिधि में सामान रखने के लिए कहा। तहबाजारी ईंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि बुधवार को कैंट के सामने मार्केट से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाएगा।

# श्री रामलीला कमेटी के चुनाव पर चर्चा

- आजीवन सदस्यता सूची से दिवंगत सदस्यों के नाम हटाने की प्रक्रिया पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। चर्चा करते प्रशासक एनके गोयल व सत्यपाल अग्रवाल। फोटोः हरिभूमि

श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रशासक एनके गोयल ने कमेटी से जुड़े विभिन्न प्रमुख व्यक्तित्वों से विचार-विमर्श के बाद मंगलवार को एडहॉक कमेटी के पूर्व सदस्य सत्यपाल अग्रवाल के साथ श्री रामलीला कमेटी कटला के चुनाव को लेकर चर्चा की। इस दौरान निर्णय लिया कि सर्वप्रथम जिला रजिस्ट्रार के निर्देशानुसार आजीवन सदस्यता सूची से दिवंगत सदस्यों के नाम हटाने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। प्रशासक एनके गोयल ने बताया कि कमेटी की ऐतिहासिक गरिमा एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए उनका प्रयास है कि आगामी चुनाव पूर्णतः निष्पक्ष और व्यावहारिक तरीके से संपन्न हों। इसी उद्देश्य के तहत वे कमेटी से जुड़े विभिन्न प्रमुख व्यक्तित्वों से विचार-विमर्श कर रहे हैं। चर्चा के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि सर्वप्रथम जिला रजिस्ट्रार के निर्देशानुसार आजीवन सदस्यता सूची से दिवंगत सदस्यों के नाम हटाने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। इस संशोधन के उपरांत एक नवीन, सत्यापित और अद्यतन आजीवन सदस्यता सूची तैयार की जाएगी। तत्पश्चात समिति के संविधान अनुसार विधिपूर्वक चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।



# शांति और भाईचारे के लिए नारनौंद थाना परिसर में किया हवन यज्ञ

**नारनौंद।** क्षेत्र में शांति और भाईचारा बना रहे। युवा नशे से दूर रहकर देश के निर्माण में अपना सहयोग करें। इसी को लेकर नारनौंद थाना परिसर में थाना प्रभारी बलवान सिंह ने हवन यज्ञ करवा कर उसमें आहुति डाली। इस दौरान नगर पालिका के चेयरमैन शमशेर कूकन भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने नशा रोकने के लिए उचित कदम उठाने का आश्वासन भी दिया और युवाओं को नशा ना करने की शपथ दिलवाई। इस मौके पर नगर पालिका के चेयरमैन शमशेर कूकन सहित सभी पार्षद आहुति डालने के लिए पहुंचे। चेयरमैन ने थाना प्रभारी की पहल काफी सराहनीय बताया। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर फिरोज खान, अमन, संदीप, वाइस चेयरमैन सोनू नरवाल, पार्षद टेकराम शर्मा, पिंकीपाल, मनोज लोहान, संदीप लोहान, अमित सैनी, देवेंद्र उर्फ घोलू, सोमबीर, सुखबीर सैनी आदि रहे।

## उत्कृष्ट योगदान वाले 50 लोगों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

# स्वामी सर्वदानंद का जीवन त्याग से परिपूर्ण

- धीरणवास में कन्या भ्रूण हत्या, नशाखोरी, अश्लीलता, अंधविश्वास के विरुद्ध जागरूकता के लिए निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। शोभायात्रा निकालते गुरुकुल धीरणवास के बच्चे। फोटोः हरिभूमि

गुरुकुल धीरणवास के संस्थापक स्वामी सर्वदानंद की छठी पुण्यतिथि के अवसर एवं युवा चरित्र निर्माण शिविर के समापन पर मंगलवार को युवा संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता गुरुकुल के प्रधान स्वामी आदित्यवेश नें की जबकि मुख्य अतिथि सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश रहे। इस अवसर पर गुरुकुल धीरणवास की ओर से क्षेत्र के 50 सहयोगियों को स्वामी आर्यवेश, स्वामी सूर्यवेश, गुरुकुल कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। गांव धीरणवास मे सामाजिक बुराइयां जैसे कन्या भ्रूण हत्या, नशाखोरी, अश्लीलता, अंधविश्वास के विरुद्ध जागरूकता के लिए शोभायात्रा निकाली गई। इससे पूर्व प्रधान स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि स्वामी सर्वदानंद ने 28 वर्ष सेना में सेवा करने के बाद गुरुकुल की स्थापना करके संस्कृति रक्षा का प्रकल्प प्रारम्भ किया जो आज देश को चरित्रवान युवा दे रहा है।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर गुरुकुल के कार्यकारी प्रधान सुबेसिंह आर्य, शिक्षा निरीक्षक आचार्य देवदत, मुख्यधिष्ठिता कैप्टन सूबे सिंह, संन्यास आश्रम गाजियाबाद के उप प्रधान स्वामी सूर्यवेश, सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के प्रदेश अध्यक्ष दलबीर आर्य, हिसार के उप प्रधान जयवीर सोनी, गुरुकुल के मंत्री सत्यप्रकाश आर्य, मनीराम गोयल, महेन्द्र आर्य, अजमेर सलेमगढ़, भूपसिंह सीसवाला, सत्यपाल अग्रवाल, डॉ.राजबीर शास्त्री, महाबीर सिंह, नंदराम सांगवान, शमशेर नंबरदार, कृष्ण सरसाना, प्रेमसिंह कलिरामना, सुरेन्द्र आर्य, रामकुमार आर्य, बलजीत आर्य आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।